हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

11 क्रेडिट कार्ड स्किमिंग व क्लोनिंग से रहें सतर्क...


12 40 हजार परीक्षार्थी सीईटी परीक्षा देने आएंगे...



## शहीद की मां की आत्मिक इच्छाः फतेहाबाद हेड क्वार्टर पर बनाया जाए स्मारक, सुख-सुविधा देने में सरकार ने रखा पूरा ख्याल

# कारगिल विजय दिवस पर विशेषः मनोहर लाल की शहादत के 26 साल बीतने के बाद भी शहीद स्मारक नहीं बनाए जाने से परिवार को मलाल

दलबीर सिंह ⏭भूना

गांव ढाणी डूल्ट के मनोहर लाल का कारगिल की लड़ाई में शहादत के बाद सेना की वर्दी व तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर घर आने के भले ही 26 वर्ष बीत गए हो, मगर मां-बाप के दिलों-दिमाग में बेटा आज भी छाया हुआ है। 26 जुलाई के मनहूस दिन को याद करते ही बूढ़े मां- बाप की आंखों में आंसू बह निकलते हैं। शहीद के परिवार ने फतेहाबाद हैडक्वाटर पर शहीद स्मारक नहीं बनाए जाने पर दुख जाहिर किया, मगर सरकार द्वारा सुख- सुविधा और मान-सम्मान देने पर पूरा ख्याल रखने की बात को स्वीकार किया। शहीद के माता-पिता ने अपनी आत्मिक इच्छा जाहिर करते हुए स्मारक बनाए जाने की सरकार से मांग रखी।

## 13 जून 1999 में प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा के संकल्प को किया पूरा

### दुश्मनों के दांत खट्टे करते समय हुए थे शहीद

कारगिल युद्ध के दौरान ढाणी डूल्ट के मनोहर लाल 13 जून 1999 की शाम को आठ बजे ऑपरेशन विजय के दौरान दुश्मनों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे। मनोहर लाल ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा के संकल्प को पूरा करके दिखाया था। इस जांबाज की हिम्मत और देश रक्षा के अटल विश्वास ने ऑपरेशन विजय के दौरान दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया था। शहीद मनोहर लाल के पिता रामेश्वर दास मावलिया व माता हरकोरी देवी ने बताया कि सरकार ने 26 साल बीत जाने के बावजूद शहीद की यादगार में जिला हेडक्वार्टर पर कोई भी स्मारक या पार्क इत्यादि नहीं बनाया, जिसका उन्हें दुःख है।


भूना। शहीद बेटे की वर्दी एवं तिरंगे के साथ माता- पिता और पारिवारिक सदस्यगण। फोटो: हरिभूमि

### पाकिस्तान घुसपैठियों को दिया मुंहतोड़ जवाब

मनोहर लाल का जन्म 1 जनवरी 1976 को माता हरकोरी देवी की कोख से हुआ था। गांव में दसवीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण करके मनोहर लाल अपने दादा छज्जू राम मावलिया के पद चिन्हों पर चलकर सेना में भर्ती हो गए। सेना में भर्ती होने के बाद ग्रिनेडियर मनोहर लाल ने एनडीए की परीक्षा भी पास कर ली थी। इसी बीच कारगिल युद्ध छिड़ गया और कारगिल के द्रास सेक्टर में पाकिस्तान घुसपैठियों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए फतेहाबाद का यह वीर जवान शहीद हो गया।

### शहीद मनोहर लाल मावलिया का परिवारिक परिचय

गांव ढाणी डूल्ट के रामेश्वर दास मावलिया व हरकोरी देवी ने दो बच्चों को जन्म दिया, जिनमें मनोहर लाल व राजेश कुमार हुए। इनमें मनोहर लाल दसवीं पास करने के बाद 19 वर्ष की आयु में सेना में भर्ती हुए थे। जब वह 24 वर्ष के हुए तो पिता रामेश्वर दास उसकी शादी के लिए रिश्ता देख रहे थे, परंतु मनोहर लाल ने शादी से पहले ही देश के लिए कारगिल विजय ऑपरेशन के दौरान दुश्मनों से लोहा लेते हुए अपनी जान न्यौछावर कर दी। मनोहर लाल के शहीद होने के बाद उसके छोटे भाई राजेश कुमार को सरकारी नौकरी मिली और उसका विवाह कर दिया।

### सरकारी स्कूल व पुस्तकालय शहीद मनोहर लाल के नाम

शहीद मनोहर लाल के पिता रामेश्वर दास मावलिया ने बताया कि ढाणी डूल्ट मे सरकारी स्कूल का नाम शहीद मनोहर लाल राजकीय उच्च विद्यालय रखा और शहीद के नाम पुस्तकालय भी बनाया, लेकिन पुस्तकालय में कोई भी ज्ञानवर्धक एवं शहीदों से जुड़ी हुई किताबें तथा अखबार तक की व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें पीड़ा हो रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार से शहीद मनोहर लाल के नाम पर जिला हेड क्वार्टर पर स्मारक बनाने के लिए कई बार गुहार लगा चुके हैं, परंतु झूठे आश्वासनों के सिवाय अभी तक कुछ नहीं हुआ है। शहीद मनोहर लाल के नाम पर फतेहाबाद जिला मुख्यालय पर जल्द से जल्द स्मारक का निर्माण होना चाहिए। तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने कारगिल के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों को पूरा मान सम्मान दिया। सरकार ने शहीद परिवार को गैस एजेंसी देने के साथ शहीद मनोहर लाल के छोटे भाई को सरकारी नौकरी भी दी। उनके छोटे भाई राजेश मावलिया का कहना है कि फतेहाबाद में स्मारक बनाने के साथ-साथ कॉलेज व पार्क का भी नामकरण शहीद मनोहर लाल के नाम होना चाहिए, जिसको लेकर हम पिछले कई वर्षों से आधिकारियों को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत करवा चुके हैं, परंतु हमें आश्वासन देकर टरकाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### 17.5 लाख की ठगी के मामले में आरोपी काबू

**रानियां।** रानियां पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए आरोपी प्रमोद कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी खारियां को प्रोडक्शन वारंट शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने पिता राकेश कुमार के साथ मिलकर शिकायतकर्ता हरेंद्र कुमार व उसके साथियों से सिंगापुर में नौकरी दिलवाने के नाम पर साढ़े 17 लाख रुपये की ठगी की थी।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन

**फतेहाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

### माता नैना देवी मंदिर में भंडारा सामग्री रवाना

**जाखल।** हिमाचल प्रदेश स्थित माता नैना देवी दरबार में श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की जा रही है। फतेहाबाद के जाखल में गुरुवार को कमेटी संस्थापक भूषण सिंगला ने लंगर सामग्री से भरे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि श्री नैना देवी लंगर कमेटी जाखल की ओर से कोला वाला टोबा पर 25वां विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### एएनसी ने डोडा पोस्त तस्कर को किया काबू

**फतेहाबाद।** अपराध एवं नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एएनसी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस टीम ने रायपुर ढाणी के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 4 किलो 50 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है।

### डीएवी स्कूल के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**सिरसा।** डीएवी स्कूल फतेहाबाद में डी.ए.वी कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता हुई जिसमें अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 आयु वर्ग के लडक़ों और लड़कियों के लिए बास्केटबॉल, वालीबॉल, क्रिकेट, योगा और ताइक्वाडो आदि खेलों के मुकाबले हुए। इस आयोजन में कई डी.ए.वी स्कूलों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डी.ए.वी सेंटनरी पब्लिक स्कूल, सिरसा के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस विद्यालय के बालक वर्ग अंडर-14 आयु वर्ग के योगा में ख्वाईश, वंश, कर्णमीत, आयान व नमन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं बालिका वर्ग में अक्षिता ने अंडर 14 ताइक्वाडो में विजय पताका फहराई।

## 18 में से 12 पार्षद डीसी से मिले, जताया अविश्वास

# जिला परिषद प्रधान-उपप्रधान के खिलाफ पार्षदों ने खोला मोर्चा

सत्तारूढ़ दल के दो पूर्व विधायकों के समर्थक है बागी पार्षद, प्रधान ने विस चुनाव में किया था विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिला परिषद प्रधान और उपप्रधान के खिलाफ पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। भाजपा समर्थित प्रधान-उपप्रधान पर विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाते हुए पार्षदों ने दोनों को हटाने की मांग की है। वीरवार को 18 में से 12 पार्षद डीसी से मिलने लघु सचिवालय पहुंचे। इन पार्षदों ने डीसी से मुलाकात कर प्रधान के प्रति अविश्वास जताया और जल्द ही अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग को लेकर बैठक बुलाने की मांग की। डीसी मनदीप कौर से मिलने वाले विरोधी पार्षदों में वार्ड नंबर एक से पार्षद राकेश कुमार, वार्ड 2 से पार्षद पूजा भाल सिंह, वार्ड 3 से गौरव शर्मा, वार्ड 4 से सीमा, वार्ड 5 से बिंदर पाल सिहाग, वार्ड 7 से रमेश उर्फ बंटी गढ़वाल, वार्ड 8 से प्रवीण कुमार, वार्ड 9 से बेअंती रानी, वार्ड 13 से सीमा आर्य, वार्ड 15 से मंजू गिल, वार्ड 17 से अनूप कुमार और वार्ड 18 से परमजीत कौर सहित 12 पार्षद शामिल हैं। बता दें कि जिला परिषद प्रधान सुमन खिचड़ भाजपा की जिला उपाध्यक्ष भी हैं। डीसी से मिलने पहुंचे जिला पार्षद बंटी गढ़वाल, बंटी सिहाग, गौरव शर्मा आदि ने प्रधान पर विकास कार्य न करवाने का आरोप लगाया और कहा कि पिछले अढ़ाई सालों से विकास कार्य करवाने के लिए परेशान हो रहे हैं। उनके छोटे-छोटे भी काम भी नहीं हो रहे हैं। पार्षदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि वह जिला परिषद प्रधान और उपप्रधान की कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं है क्योंकि प्रधान व उपप्रधान के द्वारा लंबे समय से पक्षपात किया जा रहा है। 14 जनवरी 2023 को वार्ड नंबर 6 से पार्षद बनी सुमन खिचड़ को चेयरपर्सन चुना गया था। 18 में से 10 पार्षदों ने उनका समर्थन किया था। अब जिन पार्षदों में भाजपा समर्थित चेयरपर्सन के खिलाफ मोर्चा खोला है, उनमें पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र सिंह बबली व फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम के समर्थक पार्षद भी शामिल हैं।



फतेहाबाद। डीसी से मिलने जाते जिला पार्षद। फोटो: हरिभूमि

### दो पूर्व विधायकों के समर्थन से रखी अविश्वास प्रस्ताव की नींव

बता दें कि जिला परिषद के चुनाव में तत्कालीन मंत्री देवेन्द्र बबली व फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम आमने-सामने थे। देवेन्द्र बबली ने जिला पार्षद बंटी गढ़वाल के नेतृत्व में भोडियाखेड़ा निवासी सीमा को प्रधान पद का उम्मीदवार बनाया था लेकिन ऐन मौके पर टोहाना के पूर्व विधायक व जजपा के तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह दुड़ाराम के घर पहुंच गए और दोनों ने संयुक्त रूप से अपने उम्मीदवार को जिता लिया। इस चुनाव में जजपा समर्थक को उपप्रधान बनाने में कामयाब रहे थे। उसके बाद परिस्थितियां बदली और बंटी गढ़वाल दुड़ाराम खेमे से भी जुड़ गए। बता रहे हैं कि दोनों पूर्व विधायकों के समर्थन से ही इस अविश्वास प्रस्ताव की नींव रखी गई है।

# अध्यापकों की कमी पर जताई चिंता

- खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया


रतिया। खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते प्रतिनिधिमंडल सदस्य।

भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां और इंकलाबी नौजवान सभा शिक्षा सुधार ने रतिया क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी पर चिंता जताई है। इस मामले को लेकर संगठनों का प्रतिनिधिमंडल आज जिला अध्यक्ष निर्भय सिंह रतिया के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी रतिया से मिला और ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने प्राइमरी स्कूल रतिया और जाखन दादी विद्यालय में शिक्षकों की संख्या में भारी कमी को लेकर चिंता जताई। प्रतिनिधियों ने बताया कि इन स्कूलों में सैंकड़ों बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन शिक्षकों की संख्या इतनी कम है कि एक ही शिक्षक को कई कक्षाएं संभालनी पड़ती हैं। इसका सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार और शिक्षा विभाग इस गंभीर मुद्दे की ओर ध्यान नहीं देता है, तो भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां और इंकलाबी नौजवान सभा इस आंदोलन को और तेज करेंगे। पंचायत स्तर से लेकर जिला मुख्यालय तक विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे।


फतेहाबाद। गांव काताखेड़ी में पानी के अवैध कनैक्शन काटते विभाग के कर्मचारी।

# काताखेड़ी में पेयजल सप्लाई के काटे 15 अवैध कनेक्शन

- पीने के पानी पर लगा रखी थी सब्जी व हरे चारे की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आम जन तक पीने का पानी पहुंचने की लिए व पीने की पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ अभियान जारी है। इस अभियान के तहत विभाग की टीम ने आज गांव काताखेड़ी में डोर टू डोर चैकिंग अभियान चलाया और पीने के पानी पर लगाए गए सब्जी व हरा चारा के 15 कनेक्शन काटे। इस दौरान मौके पर सरपंच प्रतिनिधि गुरदीप सिंह व पंच भी मौजूद रहे। जिन लोगों के कनेक्शन काटे गए उनमें हरपाल सिंह, बलबीर सिंह, काला सिंह, गगनदीप, बीटू, राजेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, गुरदेव, राजकुमार, बक्शी, खुशहाल सिंह, मुख्तयार, मंजीत सिंह, सुखदेव सिंह के नाम शामिल हैं। इस मौके कनिष्ठ अभियंता दुर्गेश कुमार, बीआरसी मदन सैनी, पंप आपरेटर गुरनाम, सतबीर, कृष्ण कुमार, निर्मल, राजकुमार व सूबे सिंह मौजूद रहे।

### चलाया चैकिंग अभियान

विभाग के खंड संयोजक मदन लाल ने बताया जिन्होंने पीने के पानी पर हरा चारा सब्जी लगा रखी थी, उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनके कनेक्शन तुरंत प्रभाव से काटते हुए सब्जी और हरा चारा को भी उखड़वाया गया। गांवों में चैकिंग अभियान के दौरान लोगों की पीने के पानी से संबंधित जो भी समस्याएं हैं, उन सभी समस्याओं को चिह्नित करके तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाएगा ताकि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में किसी भी घर को पीने के पानी की कोई दिक्कत न आए।

### साढ़े चार किलो गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ऐलनाबाद क्षेत्र से करीब साढ़े चार किलोग्राम गांजा सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। ऐलनाबाद थाना प्रभारी प्रगट सिंह ने वीरवार को बताया कि सीआईए पुलिस टीम को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए तस्कर की पहचान अवतार सिंह उर्फ कुल्लू निवासी ऐलनाबाद के रुप मे हुई। थाना प्रभारी प्रगट सिंह ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि अवतार सिंह गांजा की तस्करी करता है और आज भी कार में बड़ी मात्रा में गांजा सप्लाई करने की फिराक में है। पुलिस ने नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। इसी दौरान सामने से एक कार आती दिखाई जो कि सामने पुलिस टीम को देखकर तेज रफ्तार से भगाने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने कार का पीछा कर कार को रूकवा लिया और तलाशी ली तो सीट के नीचे एक थैला मिला जिसमें से चार किलो 650 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ ऐलनाबाद थाना में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और गांजा तस्करी के इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान द्व की जाएगी।

# पांच नशा तस्कर काबू लाखों की हेरोइन बरामद

- सीआईए स्टाफ ने कार्रवाई करते हुए 75 .360 ग्राम हेरोइन बरामद की
- आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

सीआईए स्टाफ डबवाली ने दो अलग मामलों में करीब साढ़े तीन लाख रुपये की 75.360 ग्राम हेरोइन व मुख्य सप्लायरों सहित पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान लवप्रीत सिंह उर्फ लक्की, रॉबिन, रवि, मदन गोपाल व हरीश कुमार निवासी पंजाब के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी राजपाल ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गोल चौक मंडी डबवाली से गांव डबवाली की तरफ आ रही थी।

जब टीम गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम के नजदीक पहुंची तो दो युवक खड़े दिखाई दिए जो पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस कर्मचारियों दोनों युवकों को काबू करके तलाशी ली। लवप्रीत उर्फ लक्की के पास से 10.40 ग्राम हेरोइन, राबिन के पास से 19 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें यह हेरोइन आरोपी रवि ने उपलब्ध कराई थी।


सिरसा। पकड़े गए हेरोइन तस्कर।

इसके बाद मुख्य सप्लायर रवि को भी गिरफ्तार कर लिया गया। एक अन्य पुलिस टीम ने भारतमाला पुल क्षेत्र से मदन गोपाल को 44 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। मदन गोपाल के खिलाफ थाना शहर में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि वह यह हेरोइन हरीश कुमार से लेकर आया था। टीम ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य सप्लायर हरीश कुमार को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। सभी गिरफ्तार आरोपियो को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया है। गहन पूछताछ के माध्यम से इस हेरोइन तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी और उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### जमीन विवाद में फायरिंग और हमला करने के मामले में एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जमीन विवाद में फायरिंग और हमले के एक मामले में फरार चल रहे एक और आरोपी को थाना सदर रतिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तरनदीप सिंह उर्फ तरणि पुत्र जगतार सिंह निवासी साधुवाला, सरदुलगढ़ के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में अब तक कुल 18 आरोपियों में से 17 की गिरफ्तारी की जा चुकी है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि यह मामला सुरेन सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी लोहगढ़, जिला मानसा, पंजाब की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, 16 मार्च को बीराबदी क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर शिकायतकर्ता एवं उसके परिजनों पर जानलेवा हमला किया गया। जब शिकायतकर्ता अपने परिवारजनों के साथ खेत में कार्य कर रहा था, तभी करीब 25 लोग कई गाड़ियों और मोटरसाइकिलों पर सवार होकर वहां पहुंचे और ललकारते हुए हमला कर दिया। हमलावरों के पास फायर आर्म्स, लाठियां, डंडे, चाकू और अन्य धारदार हथियार थे। उन्होंने कथित रूप से कहा कि वे यह कार्रवाई जीवन निवासी पिलछिया के कहने पर कर रहे हैं।

## धांधली की शिकायत पर सीएम फ्लाइंग टीम ने की कार्रवाई

# स्टॉर्म वॉटर पोजेक्ट निर्माण सामग्री के लिए सेंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

शहर में बरसाती पानी की निकासी के लिए चल रहे स्टॉर्म वाटर प्रोजेक्ट में धांधली के आरोपों के चलते वीरवार को सीएम फ्लाइंग टीम सिरसा पहुंची और विभिन्न स्थानों से निर्माण सामग्री के सैंपल लिए। टीम में पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन हिसार के एसडीओ होशियार सिंह, सीएम फ्लाइंग टीम हिसार के निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह व उप निरीक्षक राजेश कुमार थे। इसके अलावा टीम के साथ नगरपरिषद सिरसा के जेई प्रवीण शर्मा व प्रोजेक्ट की निजी एजेंसी के सदस्य भी थे। उल्लेखनीय है कि स्टार्म वॉटर प्रोजेक्ट के फेज-2 के तहत किए जा रहे कार्य में बरती जा रही धांधली की शिकायत मिलने पर सीएम फ्लाइंग की ओर से सिरसा नगर परिषद के ईओ से इसके दस्तावेज मांगे गए थे। डीएसपी सीएम फ्लाइंग ने ईओ नगर परिषद को रिकार्ड उपलब्ध करवाने के लिए कहा था। प्रोजेक्ट के टेंडर नोटिस व टेंडर की कॉपी, एस्टीमेट व एग्रीमेंट की कापी तथा डीएनआईटी और एमबी भी मांगी गई थी।


सिरसा। स्टॉर्म वाटर प्रोजेक्ट के निर्माण सामग्री के सैंपल लेती सीएम फ्लाइंग टीम।

### जलनिकासी के कार्यों की जांच की मांग

फ्लाइंग टीम सेंपलिंग लेने के लिए बावड़ीवाली गली की भी जांच के लिए मौके पर पहुंची। सीएम फ्लाइंग में गली को बीच में एक तरफ से खुदवाकर सडक़ के नीचे डाली गई मिट्टी व पत्थर की जांच की और निर्माण में प्रयोग की गई इंटर लॉकिंग टाइलों के सैंपल सील करके अपने साथ ले गई जिन्हें जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। सीएम फ्लाइंग ने वार्ड नंबर 21 के नोहरिया बाजार की बावड़ी वाली गली में निर्मित की गई गली को लेकर नगर परिषद अधिकारियों से आवश्यक दस्तावेजों का रिकॉर्ड भी तलब किया है। उल्लेखनीय है कि सिरसा शहर में जारी जलनिकासी के कार्यों को लेकर अनेक शिकायतें मिल रही थी। इसी कड़ी में सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया की ओर से भी सीएम को पत्र भेजकर इसकी जांच विजीलेंस से करवाने की मांग की गई थी।

बच्चो, आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ ऐसी अजीबो-गरीब बिल्डिंग्स के बारे में बता रहे हैं, जिनको देखकर तुम यह सोचते रह जाओगे कि यह बिल्डिंग है या कोई जानवर है या फिर कुछ और है! इनमें से कुछ बिल्डिंग्स तो ऐसी हैं, जिन्हें देखकर तुम्हारी हंसी नहीं रुकेगी।



अजब-गजब / अनुराग मनींद्र

# हैरान करती अमेजिंग बिल्डिंग्स

### डांसिंग कपल जैसा फ्रेड एंड जिंजर

**बच्चो, तुमने** लोगों को डांस करते हुए तो खूब देखा होगा। तुम खुद भी दोस्तों के साथ डांस करते होगे। इमेजिन करो कि तुम कहीं जा रहे हो और तुम्हें कोई बिल्डिंग डांस करती हुई-सी दिखे, इस पर पहले तो तुम्हें आश्चर्य होगा कि बिल्डिंग डांस कैसे कर सकती है? लेकिन चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में एक ऐसी बिल्डिंग बनाई गई है, जिसे दूर से देखने पर ऐसा लगता है मानो, कोई कपल डांस कर रहा हो। इस अनोखी बिल्डिंग के आर्किटेक्ट फ्रैंक गेहरी ने इसे 'फ्रेड एंड जिंजर' नाम दिया। दूर-दूर से लोग प्राग की इस डांसिंग बिल्डिंग को देखने आते हैं। *

### जूते के आकार का हेंस शू हाउस

**जूते पैरों** में पहने जाते हैं लेकिन किसी को जूतों में रहने का विचार आए तो? अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहने वाले जूतों के विक्रेता महलोन हेंस ने 1948 में अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए जूते के आकार का एक हाउस बनवाया। इस शू-शेप्ड हाउस के अंदर जूते के पंजे वाले स्थान पर



लिविंग रूम, एड़ी वाले स्थान पर किचेन और टखने वाले स्थान पर दो बेडरूम बने हैं। इस शू-हाउस में एक छोटी-सी आइसक्रीम की शॉप भी है। इस अनोखे डिजाइन का हाउस बनवाने वाले महलोन हेंस के नाम पर ही इसका नाम 'हेंस शू हाउस' रखा गया। हेंस खुद तो कभी अपनी फैमिली के साथ इस हाउस में नहीं रह पाए, लेकिन इस अजब-अनोखे शू-शेप्ड हाउस में पर्यटक कुछ समय के लिए रह सकते हैं। *

### डॉग के शेप जैसा बीगल हाउस



**डॉग या** तरह-तरह के एनिमल्स शेप वाले खिलौनों से तो तुम खूब खेलते होगे। लेकिन जरा सोचो, तुम्हें अगर किसी डॉग-शेप्ड हाउस में रहने का मौका मिले तो? यकीन नहीं हो रहा न! लेकिन यह सच है। अमेरिका के इडाहो स्टेट में कॉटनवुड नामक स्थान पर डॉग के आकार का यह अमेजिंग हाउस बनाया गया है। इस घर में गेस्ट्स के लिए फ्रिज, माइक्रोवेव, फ्री इंटरनेट और बाथ टब जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यहां लोग अपने डॉगी को लेकर भी आते हैं, डॉगी के साथ इस डॉग-शेप्ड हाउस में ठहरते हैं। *

### मस्त होकर झूमता द क्रुक्ड हाउस



**पोलैंड के** सोपोट शहर में स्थित एक शॉपिंग सेंटर का एक हिस्सा कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे अगर दूर से देखा जाए तो ऐसा लगता है मानो, यह बिल्डिंग मस्त होकर झूम रही है। इस बिल्डिंग का डिजाइन सोटिंस्की और जलेस्की नामक आर्किटेक्ट्स ने तैयार किया था। बच्चो, जरा सोचो इस बिल्डिंग को डिजाइन करने वाले के मन में क्या खयाल आया होगा कि उन्होंने ऐसी झूमती हुई-सी बिल्डिंग डिजाइन की। अपने अनोखे क्रुक्ड (टेढ़ा-मेढ़ा), झूमते हुए से डिजाइन के करण यह पोलैंड के सबसे ज्यादा फोटोग्राफी किए जाने वाले स्थलों में से एक है। *

### शीप एंड डॉग बिल्डिंग



**डॉग शेप** वाले बीगल हाउस की तरह ही न्यूजीलैंड में दो बिल्डिंग्स आस-पास बनाई गई हैं। इनमें से एक शीप (भेड़) जैसी और एक डॉग के आकार की बिल्डिंग है। न्यूजीलैंड के 'तिराऊ' समुदाय में भेड़ और कुत्ते का खास महत्व है। भेड़ और कुत्ते के शेप में बनी ये दोनों बिल्डिंग्स भी 'तिराऊ' समुदाय के लोगों के बीच खास महत्व रखती हैं। ये अनोखी बिल्डिंग्स यहां आने वाले पर्यटकों के लिए सूचना केंद्र के रूप में काम करती हैं। दोनों बिल्डिंग के स्टाफ पर्यटकों को आस-पास के दर्शनीय स्थलों के बारे में जानकारी देते हैं। साल 1990 में पहले यहां डॉग और शीप के आकार की दो बिल्डिंग्स बनाई गई थी। इन दोनों बिल्डिंग्स की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए वर्ष 2016 में इनके पास में ही मेल शीप (नर भेड़) के आकार की एक और बिल्डिंग बनाई गई। *

# फल-सब्जियों के रंगों का राज

बच्चो, क्या तुमने कभी सोचा है कि अलग-अलग फल और सब्जियां किसी विशेष रंग की ही क्यों होती हैं? आओ, आज हम तुम्हें कुछ फल-सब्जियों के रंगों की वजह बताते हैं।



एआई इमेज

जानकारी
शिवानी छाया

**ब**च्चो, स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर रंग-बिरंगे फल और सब्जियां अपने भीतर मौजूद कुछ रसायनों की वजह से अपना विशेष रंग पाते हैं।

**कच्चे-पक्के आम का हरा-पीला रंग:** सबसे पहले बात 'फलों के राजा' आम की। स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर आम जब कच्चा होता है, तब वह हरे रंग का दिखता है। पकने के बाद आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है। दरअसल, कच्चे आम में क्लोरोफिल अधिक मात्रा में पाया जाता है, इसलिए इसका रंग हरा दिखाई पड़ता है। जैसे-जैसे आम पकता जाता है, उसमें मौजूद क्लोरोफिल कम होता जाता है, वहीं दूसरी तरफ इसमें कैरोटिनॉयड्स का उत्पादन बढ़ता जाता है। अलग-अलग किस्म के कैरोटिनॉयड की मात्रा बढ़ने के कारण पकने पर आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है।

**लाल-लाल सेब:** पौष्टिकता से भरपूर सेब में कई प्रकार के विटामिन, मिनरल्स और अन्य कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। सेब के लाल रंग की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक पिगमेंट पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग लाल होता है।


**टमाटर क्यों होता है लाल:** खाने को स्वादिष्ट बनाने वाला टमाटर हर घर के किचेन में पाया जाता है। सलाद और सूप में भी इसका खूब इस्तेमाल होता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। कच्चे टमाटर में क्लोरोफिल नामक फाइटोकेमिकल पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग हरा दिखता है। जैसे-जैसे टमाटर पकने लगता है, इसमें क्लोरोफिल की मात्रा कम होने लगती है, साथ ही लाइकोपीन नामक फाइटोकेमिकल की मात्रा बढ़ने लगती है। लाइकोपीन की वजह से ही टमाटर का रंग पकने के बाद लाल हो जाता है।



**अलग-अलग रंग के गाजर:** गाजर, विटामिन ए और विटामिन बी6 का महत्वपूर्ण स्रोत होता है। बाजार में अधिकतर पाए जाने वाले नारंगी गाजर की बात करें तो एक खास पिगमेंट (वर्णक) बीटा कैरोटीन की उपस्थिति के कारण गाजर नारंगी रंग का दिखता है। वहीं काले गाजर की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक रसायन की उपस्थिति होती है, इस कारण इसका रंग काला दिखाई देता है। *

कविता / दिविक रमेश

# बिन गियर की भैंस



एआई इमेज

गांव गया
होलू ने देखा
बैठी चिड़िया
पीठ पे जमकर
भैंस की।
चल रही थी
मजे-मजे से
उधर मजे से
भैंस भी।
देख-देख
होलू ने सोचा-
क्या समझूं
सोचूं मैं क्या।
चल रही थी
भैंस या उसको
चला रही थी
चिड़िया क्या!
हंसा सोचकर
होलू आगे-
होता अगर
चिड़िया वह तो
डाल-डाल के
गियर तब तो
वह चलाता
भैंस को।
बात कही जब
जाकर होलू ने,
तो पापा यूं
हंसकर बोले-
समझो होलू
आजकल तो
बिन गियर के
अच्छी-अच्छी
गाड़ी चलती।
मुझे तो होलू
बिन गियर की
यह भैंस भी
सच्ची लगती।

## हंसगुल्ले

**रिंकी** : अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?
**पिंकी** : गुलाबजामुन।
**रिंकी** : कैसे?
**पिंकी** : 'गुलाब जा मून' ..ऐसे।
-तृप्ति, रायपुर

**रोहन** : शानू आठ दिन नहीं सोया, फिर भी वह पूरी तरह हेल्दी है, कैसे?
**सोहन** : कैसे?
**रोहन** : क्योंकि वह रात में सोता है।
-किंशुक, बिलासपुर

## जीके क्विज-163

1. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में भारत का सबसे स्वच्छ शहर किसे चुना गया?
2. हरियाणा के नए राज्यपाल कौन बने हैं?
3. हाल ही में टेनिस का विंबलडन पुरुष एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?
4. यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री का नाम क्या है?
5. सबसे पुराना वेद कौन-सा है?
6. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
7. किस मुगल शासक ने दिल्ली में लालकिला का निर्माण करवाया था?
8. हाल में किस फाइटर जेट को भारतीय वायु सेना से रिटायर करने का निर्णय लिया गया?
9. जबलपुर शहर किस नदी के किनारे बसा है?
10. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी कहां है?



**बच्चो, जीके क्विज-163 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-162 का उत्तर :** 1.राकेश शर्मा, 2.अमेरिका, हंगरी और पोलैंड, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.महात्मा गांधी, 5.चमगादड़, 6.रीता फारिया, 7.टेनिस, 8.हाइड्रोक्लोरिक एसिड, 9.बोधगया, 10.हरियाणा एवं पंजाब

**जीके क्विज-162 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, ताशु-ईमेल से, कबीर-हिसार, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, अंकित-दुर्ग, हर्षित-बेमेतरा



कहानी
आलोक कुमार दुबे

रोज-रोज नयन के लॉन में लगे फूल कोई चुपचाप तोड़कर ले जाता था। इस कारण उसकी दादी को पूजा के लिए फूल नहीं मिल पाते। परिवार के सभी लोग परेशान थे, आखिर सुबह-सुबह कौन फूल तोड़कर ले जाता है। इसे कैसे पता किया जाए? नयन ने अपनी सूझ-बूझ से ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी आसानी से फूल तोड़ने वाले का पता चल गया।

# नयन की सूझ-बूझ



**आ**ज फिर लॉन की चारदिवारी पर लगे फूल कोई तोड़ ले गया। ऐसा रोज का नियम बन गया था। बाहर लगे चांदनी, कनेर, गुड़हल के फूल गायब हो रहे थे। नयन की दादी को पूजा के लिए कुछ फूल चहिए होते हैं। जब नहा-धोकर वह बाहर फूल तोड़ने जातीं तो सारे फूल गायब मिलते, बस उनका मूड खराब हो जाता। कुछ देर तक बड़बड़ातीं।

सुबह के नाश्ते के समय दादी ने सबके सामने फूलों के तोड़े जाने की बात कही। इस समस्या का क्या हल निकाला जाए, इस बारे में दादी ने सभी की राय मांगी।

दादाजी ने कहा,'अब मैं टहलने नहीं जाऊंगा, बाहर ही कुर्सी डालकर बैठ जाऊंगा। फूलों की पहरेदारी करूंगा।'

पापा ने कहा, 'इतनी-सी बात के लिए हम इतने परेशान क्यों हों? माली से कह देंगे, वह रोज फूल की डलिया दे जाएगा।' किचेन से नयन की मम्मी ने भी पापा की बात से सहमति जताई, 'हां, यह ठीक रहेगा। मुझे तो सुबह से चाय, नाश्ते, टिफिन बनाने से ही फुरसत नहीं मिलती है। मैं फूलों की रखवाली कैसे करूंगी?'

नयन सबकी बातें बड़े ध्यान से सुन रहा था। उसके दिमाग में एक आइडिया कौंधा, बोला 'आज स्कूल से वापस आकर मैं कुछ तरकीब लगाऊंगा।' पास बैठी शिखा दीदी नयन को चिढ़ाते हुए बोली, 'तुम तो एक नंबर के आलसी हो। तुम क्या करोगे?'

'आलसी लोगों ने बड़े-बड़े कारनामे किए हैं। देखना, मैं क्या करता हूं।' नयन हंसते हुए बोला।

स्कूल से वापस आने के बाद नयन ने पापा के पुराने मोबाइल को ढूंढ़ा, जिसकी बैटरी खराब हो गई थी। इस कारण पापा अब उसे यूज नहीं करते थे। नयन ने उसे चार्ज करने के लिए लगाया, थोड़ी देर में वह चार्ज हो गया। अभी वह उसके फीचर देख ही रहा था कि फिर बैटरी कम हो गई। इसका मतलब इसे लगातार चार्जिंग पर लगा कर काम में लाया जा सकता है। मोबाइल की इंटरनल मेमोरी चौसठ जी.बी. थी। इसका मतलब है कि इसमें कई घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा सकती है। उसने मन ही मन अनुमान लगाया।

अब सवाल यह था कि इसे किस तरह और कहां लगाया जाए, जिससे किसी को पता न चले कि उस पर नजर रखी जा रही है। नयन ने घर की चारदिवारी से लेकर गेट तक का अच्छी तरह निरीक्षण किया। गेट के ऊपर बल्ब लगाने का स्थान था, जिसके ऊपर जालीदार आवरण था। उसने आवरण को सावधानी से हटाया, बल्ब के होल्डर में तार कनेक्ट करके एक सॉकेट लगाया, अब इसमें चार्जर को लगाया जा सकता था। चार्जर लगा कर मोबाइल को जालीदार आवरण में इस प्रकार लगाया कि उसका कैमरा बाहर की तरफ रहे।

थोड़ी देर वीडियो रिकॉर्डिंग करके देखी, अब चारदिवारी पर लगे सारे फूलों को छूकर देखा, वीडियो रिकार्डिंग में वह साफ नजर आ रहा था। फिर यह काम बंद कर के उसने अपना होमवर्क किया और खेलने चला गया।

नयन ने रात में सोने से पहले सुबह 4 बजे का अलार्म लगा दिया। सुबह उठ कर उसने मोबाइल की रिकॉर्डिंग शुरू कर दी और वापस जाकर सो गया।

सुबह फिर दादी स्नान करने के बाद पूजा के लिए फूल तोड़ने गईं तो फूल गायब थे। आज रविवार का दिन था, इसलिए नयन आराम से सोकर उठा था। उसने दादी से कहा, 'दादी, आप थोड़ी देर रुकिए, मैं अभी आपके फूलों को तोड़ने वाले को आपके सामने लाता हूं।' नयन ने मोबाइल को सावधानी पूर्वक गेट के ऊपर से निकाला और रिकॉर्डिंग देखनी शुरू की।

सुबह के पांच बजे फूलों के पास डलिया लिए कोई फूल तोड़ते हुए दिखा, 'अरे! यह तो अपनी पड़ोस वाली दादी हैं, जो आराम से सारे फूल तोड़कर चली जा रही हैं।' नयन ने दादी को वह वीडियो क्लिप दिखाई तो दादी ने हंसते हुए कहा, 'जा अब तू ही पड़ोस में जा कर शर्मा दादी के पैर छू कर थोड़े फूल मांग ला और कह देना, दादी ने कहा है कि हर रोज कुछ फूल मेरे लिए भी तोड़ कर रख लिया करें।' दादी ने नयन की होशियारी के बारे में घर में सभी को बताया। नयन की सूझ-बूझ पर सभी ने उसकी पीठ थपथपाई। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश


# शिक्षा का महत्व बताती कहानी

**ब**च्चो, ढेर सारे चित्रों से सजी लंबी कहानी वाली किताब है-रेवा। इसमें एक लड़की रेवा और उसके दोस्त पलाश की कहानी है। दोनों बातूनी बच्चे आपस में ढेरों बातें करते हैं और एक-दूसरे से सवाल भी। लेकिन बहुतेरी बातों के जवाब सिर्फ पलाश के पास रहते हैं। इसका रहस्य है, उसके चाचा जी, जो खूब किताबें पढ़ते हैं और अकसर पलाश को उनके बारे में बताते हैं। रेवा के पास ऐसी कोई सुविधा नहीं है। उसके घर में पैसों की तंगी भी है। तभी अचानक मकान का किराया न दे पाने के कारण रेवा के परिवार को अपना घर छोड़ना पड़ता है। नई स्थिति से रेवा उलझन में पड़ जाती है। उसकी पढ़ाई छूट जाती है और उसे मजदूरी करनी पड़ती है। वह अब शर्म से पलाश से भी मिलने से बचती है। लेकिन एक दिन पलाश घासमंडी में घास का गट्ठर लिए हुए रेवा को देख लेता है। तब अपनी इस स्थिति के पीछे की वजह के बारे में रेवा उसे जो कुछ बातें बताती है, उनके बारे में जानकर पलाश सन्न रह जाता है। ये सब बातें क्या हैं? इनके बारे में जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस किताब को पढ़कर तुम यह भी जान सकोगे कि पढ़ना-लिखना कैसे हमारे ज्ञान के दरवाजे खोलता है, जबकि गरीबी कैसे बहुत से रास्ते बंद कर देती है। *




**किताब**–रेवा, **लेखक**–प्रभात, **चित्र**–प्रियंकर गुप्ता, **मूल्य**–75 रुपए, **प्रकाशक**–एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## रंग भरो 181



बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक खरगोश खेत से गाजर उखाड़ कर ले जा रहा है। तुम इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## रंग भरो-180

**रंग भरो-180** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



मन्वय, रायगढ़



रितिका, बिलासपुर



वेदिका, बालोद



तेजस, रायपुर



अनन्या, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

निष्ठा-कबीरधाम, अंकित-धमतरी, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दीपू-करनाल, विकास-बिलासपुर, रोशनी-कोरबा, दीपक-बालोद

## खबर संक्षेप

### लाखों की चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने मोबाइल एससीरीज के गोदाम से लाखों रुपये मूल्य के सामान की चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप उर्फ कुलदीप उर्फ कालु निवासी मानसा पंजाब को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब तीन लाख रुपये का चोरीशुदा सामान भी बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि विश्व मेहता पुत्र जगदीश तनेजा निवासी बेगू रोड सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मोबाइल एससीरीज का होलसेल व्यापार करता है और उसका गोदाम बेगू रोड स्थित दुकान के समीप है। बीती 16 जुलाई को अज्ञात लोग गोदाम से पावर बैंक, इयरबैंड, स्पीकर, चार्जर, डाटा केबल व स्मार्ट घड़ियों सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए।

### ओपन स्केटिंग प्रतियोगिता में छाए प्रतिभागी

**सिरसा।** यूमी फिटनेस क्लब की ओर से द आर्यन स्कूल में आयोजित ओपन स्केटिंग प्रतियोगिता में द आर्यन स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते एक स्वर्ण, दो रजत व एक कांस्य पदक पर कब्जा किया। प्रिंसिपल श्वेता माहेश्वरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि अंडर-8 में द आर्यन स्कूल की नाईशिता ने स्वर्ण व हितेश ने रजत, अंडर-14 में आरोही व अमर कौर ने तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया।

### मनीष ने शूटिंग में जीता रजत पदक

**सिरसा।** दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित ऑल इंडिया शूटिंग कंपीटिशन में सिरसा के ईगल आई शूटिंग रेंज के शूटर मनीष ने 10 मीटर एयर पिस्टल में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजक पदक जीतकर एकेडमी व जिले का नाम रोशन किया। ईगल आई शूटिंग रेंज के कोच जगमिंद्र सिंह व गुरविंद्र सिंह ने मनीष को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए संयुक्त रूप से बताया कि इस प्रतियोगिता में कई राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सिरसा से ईगल आई शूटिंग रेंज से मनीष ने 10 मीटर एयर पिस्टल में प्रतिभागिता की और अपने सटीक निशाने से सिल्वर पदक पर कब्जा किया।

### हर इंसान बने प्रकृति का मित्रः यतिंद्र

**सिरसा।** एक पौधा मां के नाम की थीम पर पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने वीरवार को श्री गौशाला के पास पौधारोपण उत्सव की शुरूआत की। भाजपा सिरसा के जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट के सानिध्य में वार्ड में 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया। यतिंद्र सिंह एडवोकेट ने लोगों से कहा कि पेड़-पौधों से ही हमारा जीवन संभव है। हमें शुद्ध वायु पेड़-पौधों से ही मिलती है। हर इंसान को प्रकृति का मित्र बनना चाहिए और इसकी रक्षा करनी चाहिए। प्रकृति ने ही हमें जल, जंगल और जीवन दिया है। पर्यावरण से छेड़छाड़ के नतीजे हम लगातार देखते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सावन के महीने में पौधरोपण का उचित समय होता है।

---

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी की जारी

# क्रेडिट कार्ड स्किमिंग व क्लोनिंग से रहें सतर्क, साइबर ठग बना रहे निशाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

जहां एक ओर आधुनिक तकनीक ने जीवन को सुविधाजनक और तेज बना दिया है, वहीं दूसरी ओर साइबर अपराधी भी लगातार तकनीक का दुरुपयोग कर आम नागरिकों को निशाना बना रहे हैं। हाल के समय में क्रेडिट और डेबिट कार्ड की स्किमिंग और क्लोनिंग की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं, विशेष रूप से पेट्रोल पंप, रेस्तरां, शॉपिंग मॉल, होटल और एटीएम मशीनों पर। इन घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों को सतर्क करने के उद्देश्य से एक विस्तृत साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है, जिसमें उन्होंने ऐसे साइबर धोखाधड़ी से बचाव के प्रभावी उपाय साझा किए हैं।


एसपी सिद्धांत जैन।

### क्या है स्किमिंग और क्लोनिंग

**स्किमिंग :** यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें अपराधी एक विशेष डिवाइस की मदद से आपके कार्ड की चुंबकीय पट्टी से डेटा चोरी कर लेते हैं। यह डिवाइस एटीएम, पीओएस मशीन या पेट्रोल पंप की मशीनों पर गुप्त रूप से लगाई जा सकती है।
**क्लोनिंग :** स्किमिंग से प्राप्त डाटा का उपयोग कर अपराधी नकली (क्लोन) कार्ड बनाते हैं, जिससे वे आपके खाते से पैसे निकाल सकते हैं, बिना आपकी जानकारी या अनुमति के।

### छोटी सी लापरवाही बैंक खाते को कर सकती है खाली

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि साइबर अपराधी अब बेहद पेशेवर और तकनीकी रूप से दक्ष हो चुके हैं। एक छोटी सी लापरवाही आपके बैंक खाते को खाली कर सकती है। सतर्कता, जागरूकता और डिजिटल अनुशासन ही इस खतरे से बचाव का सबसे मजबूत उपाय है। पुलिस आमजन की डिजिटल और वित्तीय सुरक्षा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और समय-समय पर साइबर जागरूकता अभियान चलाती रहेगी। यदि आप किसी साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो 24 घंटे के भीतर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें, जिससे आपकी राशि की रिकवरी की संभावना बढ़ सके।

### साइबर ठगी से बचाव के सुझाव

1. एटीएम या पीओएस मशीन का निरीक्षण करें। मशीन के कार्ड स्लॉट में कोई ढीलापन, असमानता या अतिरिक्त उपकरण लगे हों तो उसका प्रयोग न करें।
2. स्वाइप मशीन पर स्वयं कार्ड स्वाइप करें। कभी भी अपना कार्ड किसी अजनबी या कर्मचारी को न सौंपें, विशेषकर पेट्रोल पंप, होटल या रेस्टोरेंट में।
3. आरएफआईडी ब्लॉकिंग वॉलेट या कार्ड स्लीव का इस्तेमाल करें। वायरलेस डेटा चोरी से बचाव के लिए आरएफआईडी ब्लॉकर उपयोगी हैं।
4. सिर्फ प्रमाणिक वेबसाइट्स से ही ऑनलाइन खरीदारी करें। 'एचटीटीपीएस' से शुरू होने वाली वेबसाइट को प्राथमिकता दें और संदिग्ध पॉप-अप या लिंक पर क्लिक न करें।
5. टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और ओटीपी सुविधा हमेशा ऑन रखें। हर ट्रांजैक्शन से पहले आपकी अनुमति अनिवार्य होगी, जिससे सुरक्षा बढ़ेगी।
6. पिन डालते समय कीपैड को ढकें। पासवर्ड टाइप करते समय अपने हाथ या बटुए से कीपैड को ढकना एक अच्छी आदत है।
7. एसएमएस और ईमेल अलर्ट सक्रिय रखें। हर लेन-देन की तुरंत सूचना मिलने से किसी भी फर्जी गतिविधि की तुरंत पहचान हो सकती है।
8. संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें। अपने बैंक की हेल्पलाइन पर तुरंत कॉल करें और 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं।
9. कार्ड को सार्वजनिक स्थानों पर ज्यादा देर न छोड़ें। कार्ड की फोटोग्राफी या स्कैनिंग से भी डेटा चोरी हो सकता है।
10. नकली कस्टमर केयर नंबरों से सावधान रहें। इंटरनेट या सोशल मीडिया पर उपलब्ध फर्जी नंबरों पर जानकारी साझा न करें। हमेशा बैंक की आधिकारिक वेबसाइट से नंबर लें।

---


सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

## सीडीएलयू में मनाया भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

- विवि कुलपति प्रो. विजय कुमार ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

भारतीय मजदूर संघ के 70वें स्थापना दिवस समारोह वीरवार को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. विजय कुमार थे। प्रो. विजय कुमार ने राष्ट्रहित, उद्योग हित व कर्मचारी हित में संघ के योगदान की प्रशंसा की व आए हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को स्थापना दिवस की बधाई दी। मुख्य वक्ता राजीव ने भारतीय मजदूर संघ व दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए संगठन की रीति नीति व पंच परिवर्तन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ द्वारा प्रदेश से ठेकेदारी प्रथा का अंत व एक लाख 20 हजार कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित करने का काम सरकार ने एक्ट-2024 को लागू करके किया। हिसार विभाग प्रमुख व कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनील ढिल्लों ने कहा कि शून्य से शिखर तक की यात्रा में आप सब शामिल हैं, आप सब के सहयोग से भारतीय मजदूर संघ की सदस्यता ढाई करोड़ के करीब है और आप सभी संघ के समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत भारतीय मजदूर संघ विश्व का पहले नंबर पर विराजमान गैर राजनैतिक संगठन हैं। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के सिरसा जिला उपाध्यक्ष सुरेश, सहमंत्री अजय, जिला कोषाध्यक्ष नरेश जांगड़ा, किरणबाला, विजय शर्मा, भजनलाल, रोहताश ग्रोवर भी मौजूद थे।

---

## एनीमिया को लेकर छात्राओं का जांचा स्वास्थ्य

- राजकीय कन्या विद्यालय में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत लगाया जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत लड़कियों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों के एनीमिया, शुगर टेस्ट, ब्लड टेस्ट व अनिमिया जांच की गई। कैंप का शुभारंभ प्राचार्य सतवीर सिंह ढिढारिया ने किया। उन्होंने बताया कि समय-समय पर छात्राओं के स्वास्थ्य से संबंधित मेडिकल कैंप का आयोजन विभाग द्वारा करवाया जाता है। कैंप प्रभारी स्वीटी एमपीएचडब्ल्यू, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाथूसरी चोपटा ने छात्राओं का चेकअप किया। उन्होंने बताया कि एनीमिया के लक्षण इसकी गंभीरता के अनुसार भिन्न-भिन्न होते हैं तथा थकान, कमजोरी, चक्कर आना और उनींदापन से लेकर बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में कमी और रुग्णता में वृद्धि तक हो सकते हैं। तंत्रिका नली दोष, कम वजन, मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में, एनीमिया मातृ और शिशु मृत्यु के सबसे आम रोकथाम योग्य कारणों में से एक है। उन्होंने बताया कि अपने सबसे गंभीर रूप में, एनीमिया मृत्यु का कारण भी बन सकता है। इस अवसर पर प्रवक्ता अंकिता, सुमन, सुलक्षणा, पिंकी, गीता रानी, रितु वर्मा, आशा वर्कर सरोज, इंदिरा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मौजूद रही।


सिरसा। छात्राओं का स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक।

### चाडीवाल में हुआ डायरिया रोको अभियान कार्यक्रम

**चोपटा।** खंड नाथूसरी चोपटा के गांव चाडीवाल के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में डायरिया रोको अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य गांव में डायरिया के प्रकोप को रोकने और जल शुद्धता के महत्व को बढ़ावा देना था। बीआरसी सीताराम ने बताया कि कार्यक्रम के तहत गांव में अनेक जगहों पर जल में क्लोरीन और शुद्धता की जांच की गई। ग्रामीणों को डायरिया के कारणों और इसके रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। विद्यालय में छात्रों और ग्रामीणों को जल शुद्धता और स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि डायरिया रोको अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम ने शिक्षित युवकों ने गांव में जल शुद्धता और स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे ग्रामीणों को अपने स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति अधिक जागरूक और सावधान रहने में मदद मिली।

## जाट भवन बनाने और महाराजा सूरजमल चौक पर प्रतिमा स्थापित करने पर की चर्चा

- जाट विकास मंच की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

भारतीय जाट विकास मंच की बैठक बृहस्पतिवार को जाट धर्मशाला में हुई। मंच के प्रधान एडवोकेट हनुमान गोदारा ने बैठक में लिए गए अनेक फैसलों बारे बताया जिसमें मुख्य रूप से नई कार्यकारिणी बनाने, जाट भवन बनाने व महाराजा सूरजमल चौक पर उनकी प्रतिमा स्थापित करना शामिल था। इसके अलावा भारतीय जाट विकास मंच के सदस्यों द्वारा 100 रुपए मासिक सहयोग राशि देने के बारे में विचार विमर्श हुआ, जिसमें सभी ने सहमति जताई। जिलाभर में विभिन्न उच्च पदों पर जाट समाज के होनहार युवाओं के चयन होने पर उनको बधाई प्रेषित की गई और फैसला लिया गया कि जल्दी ही इन पदों पर आसीन होने वाले समाज के होनहार युवाओं को या उनके परिजनों को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में महाराजा सूरजमल की प्रतिमा स्थापना एवं जाट भवन के निर्माण के लिए अनेक सहयोगियों ने खुला दान देने की घोषणा भी की। बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों ने आगामी 25 दिसंबर को महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर चर्चा की। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कड़वासरा ने बताया कि इस बैठक में संस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए व अच्छे कार्यक्रम आयोजित किए जाने के लिए विभिन्न कमेटियां बनाने का काम भी किया गया।


सिरसा। भारतीय जाट विकास मंच की बैठक को संबोधित करते राजेंद्र कड़वासरा।

---

## कनिका बैनीवाल ने तीसरी बार यूजीसी नीट किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चोपटा

जिला के राजस्थान बॉर्डर से सटे गांव चाहरवाला की होनहार बेटी कनिका बैनीवाल ने एक बार फिर अपने गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। कनिका ने तीसरी बार यूजीसी नीट परीक्षा कम्युनिटी साइंस विषय में उत्तीर्ण कर शिक्षा जगत में अपनी काबिलियत को साबित किया है। कनिका इससे पहले भी दो बार यूजीसी नीट परीक्षा पास कर चुकी हैं, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि उनका लक्ष्य स्पष्ट है और मेहनत अटूट। उनकी इस उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है। कनिका के भाई डॉ. जोगेंद्र बे बैनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह तीसरी बार है जब उनकी बहन ने नेट परीक्षा पास की है। उन्होंने कहा कि कनिका की सफलता पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय है। डॉ. जोगेंद्र स्वयं भी शिक्षा के क्षेत्र में एक मिसाल हैं। उन्होंने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से पीएचडी की है और गांव के पहले ब्रीडर बने हैं। उनका योगदान फसलों की नई किस्में विकसित करने में है, जो कृषि क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।गांव चाहरवाला की सरपंच कविता बैनीवाल और ब्लॉक समिति के चेयरमैन सूरजभान बुमरा ने कनिका की इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई दी।


कनिका।

## गुलाबी सुंडी संक्रमण के प्रति किया जागरूक

- गांव चक्कां में किसान कार्यशाला परियोजना जागृति का आयोजन
- पास की खेती के महत्व को उजागर किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रानियां

गांव चक्कां में गुलाबी सुंडी की रोकथाम के लिए किसान कार्यशाला परियोजना जागृति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुलाबी सुंडी संक्रमण से जुड़े कपास के किसानों को जागरूक करने और स्थायीत्वपूर्ण नरमा, कपास खेती हैं। परियोजना को कृषि विभाग, लुइस ड्रेफस कंपनी, इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और बॉलगार्ड बायर के सहयोग से आयोजित किया गया है। इस मौके पर किसानों को नरमा-कपास की फसल के बारे में उपयुक्त जानकारी दी। बायर के आशीष प्रधान ने गुलाबी सुंडी के जीवन चक्र के बारे में एक व्यापक विवरण प्रदान किया और कपास खेतों में फेरोमोन ट्रैप स्थापित करने जैसे प्रभावी नियंत्रण उपायों पर ज्ञान दिया। कृषि विभाग से आए विशेषज्ञों ने नरमा, कपास में आने वाले कीटों के बारे विस्तृत जानकारी दी और उन्हें कंट्रोल करने के उपाय बताए। इस मौके पर लुइस ड्रेफस कंपनी के प्रतिनिधि गोविंद मुद्गल ने परियोजना जागृति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सांझा की। उन्होंने कपास की खेती के महत्व को उजागर किया और कंपनी का लक्ष्य हाई क्वालिटी और दूषित मुक्त कपास के उत्पादन को बढ़ावा देने की है। इससे किसानों और कपास उद्योग दोनों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में कृषि विभाग से खंड कृषि अधिकारी गुरदीप सिंह आदि मौजूद रहे।


सिरसा। किसानों को गुलाबी सुंडी की रोकथाम के लिए जागरूक करते आशीष प्रधान।

---

## न्यूज डायरी

### नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की मांग

**सिरसा।** द एचआईडीसी इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन सिरसा के प्रधान विमल भाटिया ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा को पत्र लिखकर सिरसा बाईपास क्षेत्र में एक नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की मांग की है। सीएम को लिखे अपने पत्र में भाटिया ने उल्लेख किया कि सिरसा एक प्रमुख सीमावर्ती जिला होते हुए भी औद्योगिक विकास के मामले में काफी पिछड़ चुका है। शहरी विस्तार के चलते पुराने औद्योगिक क्षेत्र अब रिहायशी इलाकों में परिवर्तित हो गए हैं, जिससे वर्तमान उद्योगों के संचालन में कई कठिनाइयां आ रही हैं और नए उद्योग स्थापित करना भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। उन्होंने सीएम को भेजे पत्र में सुझाव दिया है कि सिरसा-डबवाली बाईपास क्षेत्र में एक नया, सुव्यवस्थित औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाए, जो भौगोलिक दृष्टि से उपयुक्त है, बेहतर कनेक्टिविटी से युक्त है तथा उद्योगों के विकास के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचा भी उपलब्ध किया जा सकता है। पत्र में यह भी मांग की गई है कि नए औद्योगिक क्षेत्र में भूखंडों की नीलामी नो प्रॉफिट नो लॉस के आधार परकी जाए ताकि छोटे एवं मध्यम उद्योगों को भी स्थापित होने का अवसर मिल सके।

### समाधान शिविरों में 38 शिकायतें हुई प्राप्त

**सिरसा।** जिला व उपमंडल स्तर पर वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश यश मलिक ने बृहस्पतिवार को स्थानीय लघु सचिवालय में आमजन की शिकायतें सुनी। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में कुल 38 शिकायतें आई। समाधान शिविर में वरिष्ठ अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों के प्रति संबंधित विभाग जवाबदेह है और समयबद्ध ढंग से समस्या का निराकरण किया जाना चाहिए। समाधान शिविर में कोई भी व्यक्ति शिकायत दें, तो उसे यह भी बताया जाए कि उसकी शिकायत किस विभाग के पास जा रही है। जब भी शिकायत आए तो संबंधित विभाग उस पर तत्काल संज्ञान लें और समस्या के निपटारे की जानकारी शिकायतकर्ता को दी जानी चाहिए। गौरतलब है कि जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार व वीरवार को सुबह दस से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिसमें कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को प्रशासन के समक्ष रख सकता है।

### ग्वार की फसल पर झुलसा रोग का आक्रमण

**सिरसा।** पिछले कुछ समय में कई बार बारिश होने के कारण वातावरण में अत्याधिक नमी बनी हुई है, जो हरा तेला व झुलसा रोग के पनपने में सहायक है। सर्वे में पाया गया कि ग्वार उत्पादक क्षेत्रों में ग्वार की फसल में हरा तेला व झुलसा रोग का प्रकोप शुरू हो गया है। एचएयू हिसार के कीट विज्ञान विभाग से सेवानिवृत वैज्ञानिक डॉ. आरके सैनी ने दी। वे कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सौजन्य से गांव कर्मगढ़ में आयोजित कपास व ग्वार दिवस कार्यक्रम में किसानों को संबोधित कर रहे थे। डॉ. सैनी ने किसानों को बताया कि इन दोनों समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए प्रति एकड़ 150 लीटर पानी में 3-4 पाऊच स्ट्रेप्टोसाइक्लिन तथा 250 मिली मैलाथियान अथवा रोगोर मिलाकर स्प्रे करें। उन्होंने चित्रों की मदद से विभिन्न कीटों व बिमारियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कृषि विभाग से आए कृषि विकास अधिकारी डॉ. गोविंद ने नरमा की गुलाबी सुंडी की रोकथाम के उपायों की जानकारी दी।

### जिला योगासन खेल एसो. की कार्यकारिणी गठित

सिरसा। जिला योगासन खेल एसोसिएशन की बैठक वीरवार को जिला प्रधान नंदलाल बैनीवाल की अध्यक्षता में आर्यसमाज मंदिर में संपन्न हुई। इस दौरान कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें वीरेंद्र नागपाल, विनोद सोनी व ओमप्रकाश गंगा को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसी प्रकार भगवाना राम को सचिव, हरजीराम को संयुक्त सचिव, सुनील स्वामी को तकनीकी सचिव, किरण भल्ला को कोषाध्यक्ष, महेंद्र घणघस को प्रचार सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा कुलविंद्र सिंह, तरसेम, सुमन, कपिल, इंद्रजीत, सुरेश, लवप्रीत, उर्वशी, प्रदीप बाना, लक्ष्मी को कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर संगठन में शामिल किया गया है। इस दौरान प्रधान नंदलाल बैनीवाल के निर्देश अनुसार निर्णय लिया गया कि 4 व 5 अगस्त को खंड स्तर पर योग प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी और उसके बाद 10 व 11 अगस्त को जिला स्तर पर योग प्रतियोगिता होगी। जिला स्तर पर विजेता रहने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिरसा जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर प्रधान नंदलाल बेनीवाल ने कहा कि जो बेहतर प्रदर्शन करेगा उसी को ही आगे मौका दिया जाएगा।

---

अहरवां प्राथमिक विद्यालय में डीईओ ने किया मां सरस्वती की प्रतिमा का लोकार्पण

# विद्यालय सभी धर्मस्थानों में सर्वश्रेष्ठ, अच्छा नागरिक बनाने की डाली जाती हैं नींव : संगीता बिश्नोई

जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों व उपस्थित जनों को प्रसाद का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

गांव अहरवां के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में शिवरात्रि के पावन अवसर पर आज मुख्य शिक्षक देवेंद्र सिंह दहिया द्वारा स्थापित विद्या दात्री मां सरस्वती की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने प्रतिमा का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच मुखत्यार सिंह ने की एवं विशिष्ट अतिथि जसकरण सिंह हुंडल व प्रधानाचार्य जगदीश चंद्र गुप्ता रहे। सर्वप्रथम बच्चों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को सलामी दी गई। उसके बाद ग्राम पंचायत व विद्यालय प्रबंधन समिति ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीईओ संगीता बिश्नोई ने कहा कि विद्यालय सबसे बड़ा मंदिर हैं। यह सभी धर्मस्थानों में सर्वश्रेष्ठ है जहां संस्कार और संस्कृति के साथ नैतिकता और इंसानियत का पाठ पढ़ाकर देश दुनिया के लिए अच्छा नागरिक बनाने की नींव डाली जाती है। मां सरस्वती विद्या दात्री देवी हैं, इसकी प्रार्थना से ज्ञान और बुद्धि में वृद्धि होती हैं। मास्टर देवेंद्र दहिया वास्तव में शिक्षा के प्रेरणा पुंज हैं। ये जहां भी रहें उन सभी विद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करने के साथ-साथ स्कूलों का सौंदर्यकरण भी किया। ये सदैव प्राथमिक शिक्षा, प्राथमिक स्कूल और प्राथमिक शिक्षकों के उत्थान व विकास के लिए कार्यरत रहे है। इनके विद्यालय को और इन्हें विभिन्न संस्थाओं व मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है। इसके साथ 2010 में हरियाणा के राज्यपाल ने राज्य शिक्षक पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षक, डाक्टर, वकील और नेता कभी सेवानिवृत नहीं होते। समारोह में विद्यालय की प्रबंधन समिति, ग्रामपंचायत, शिक्षक स्टाफ को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अंत में जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों व उपस्थिति जनों को प्रसाद वितरण भी किया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने जिला शिक्षा अधिकारी को स्मृति चिह्न भेंट किया।


फतेहाबाद। अहरवां प्राथमिक विद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा का लोकार्पण करते डीईओ व स्टाफ सदस्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एफएलएन कोर्डिनेटर धर्मपाल गोस्वामी, एबीआरसी ज्योति सिंगला, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान जौबनप्रीत सिंह, प्रदीप टुटेजा, सतीश पंवार, राजेश वर्मा, मिथिलेश रोहिल्ला, सुरजीत झाझडा, पवन जलंधरा, सुभाष बिश्नोई, भारत गोयल, राजेन्द्र सिंह, राज सिंह, कमलेश, रोशनी देवी, वीना रानी, सपना रानी, गंगा देवी, कमलेश रानी, रजवंत बाई, अमनदीप, जसमीत कौर, मैरी मसीह व सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप



फतेहाबाद। लापता बच्चों को उनके परिजनों को सौंपते थाना प्रभारी।

### जिले से लापता दो बच्चे हरिद्वार से बरामद

**फतेहाबाद।** जिले के गांव दीवाना के दो लापता बच्चों को फतेहाबाद पुलिस ने हरिद्वार रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया है। दोनों लापता बच्चों को परिजनों को सौंपकर समाज में सुरक्षा और विश्वास का संदेश दिया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में चलाए जा रहे गुमशुदा व्यक्तियों की शीघ्र खोज अभियान के अंतर्गत थाना जाखल पुलिस ने 22 जुलाई को लापता हुए गांव दीवाना निवासी दो 12 वर्षीय बच्चों को उत्तराखंड के हरिद्वार रेलवे स्टेशन से सुरक्षित बरामद कर परिजनों से मिलवाया। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक कुलदीप के नेतृत्व में गठित टीम ने अत्यंत गंभीरता से मामले की जांच करते हुए, तकनीकी साधनों और स्थानीय स्त्रोतों की मदद से बच्चों की लोकेशन को ट्रेस किया और तत्परता से हरिद्वार पहुंचकर उन्हें सकुशल बरामद किया।

### त्रिवार्षिक तहसील सम्मेलन 9 अगस्त को

**टोहाना।** शहीद भगत सिंह भवन में किसान सभा तहसील कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील प्रधान अमर सिंह तलवाड़ा ने की। जिला उप प्रधान जगतार सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय किसान सभा का संचालन जनवादी तरीके से होता है। संगठन का अपना संविधान है। इसके तहत हर साल सदस्यता ली जाती है। खेती से जुड़े सभी लोग किसान सभा के सदस्य बन सकते हैं। ग्राम इकाई का सम्मेलन हर साल सदस्यता नवीनीकरण के बाद होता है। ऊपर की कमेटियों का चुनाव तीन साल में एक बार होता है। टोहाना तहसील सम्मेलन 9 अगस्त को होगा। इसमें तहसील भर से चुने हुए प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में देश-प्रदेश सरकार की नीतियों और स्थानीय समस्याओं पर चर्चा होगी।

### हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की फतेहाबाद यूनिट ने नेशनल हाइवे पर गांव दरियापुर के पास एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 10.44 ग्राम हेरोइन के अलावा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है। यूनिट इंचार्ज निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के नेतृत्व और उप पुलिस अधीक्षक जगजीत सिंह के निर्देशन में की गई। सहायक उप निरीक्षक रोशन लाल अपनी टीम के साथ अकांवाली फ्लाईओवर के नीचे मौजूद थे, तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक युवक दरियापुर के पास हेरोइन लेकर बेचने की फिराक में है।

### मोबाइल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अपराध मुक्त अभियान के तहत शहर टोहाना पुलिस ने नहर पुल, चंडीगढ़ रोड, टोहाना के पास मोबाइल फोन छीनने के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरेश सैनी उर्फ टंगु पुत्र मलूराम, निवासी वार्ड नंबर 11, सैनी मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे 23 जुलाई को शिकायतकर्ता अजय कुमार पुत्र मान सिंह निवासी सलेमपुर लाला, जिला कासगंज (उत्तर प्रदेश) ने थाना शहर टोहाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, वह अपने दोस्त के साथ सिम्बल रोड स्थित मैट्रो फूड्स में काम पर जा रहा था, तभी दो अज्ञात बाइक सवार व्यक्ति उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए। इस शिकायत पर थाना शहर टोहाना में धारा 304 व 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना और तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी सुरेश सैनी को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# 40 हजार परीक्षार्थी सीईटी देने फतेहाबाद आएंगे, जिले से 50 हजार युवा दूसरे जिलों में परीक्षा देने जाएंगे

## 30 परीक्षार्थियों पर लगेगी एक बॉयोमैट्रिक मशीन, कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद







फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते उपायुक्त मनदीप कौर व सिरसा बस स्टैंड में बनाया गया हेल्प डेस्क। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26 और 27 जुलाई को आयोजित की जाने वाली कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने हेतु ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने वीरवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि सीईटी परीक्षा के लिए जिले में 31 स्थानों पर 38 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो दिनों में चार शिफ्टों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रत्येक केंद्र पर परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पानी, शेड, बैठने की व्यवस्था और चिकित्सा सहायता जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### 40 हजार परीक्षार्थी जिले में देंगे परीक्षा

उपायुक्त ने बताया कि जिले में लगभग 40 हजार परीक्षार्थी अपने-अपने केंद्रों पर परीक्षा देंगे। इसके अलावा जिले के लगभग 50 हजार परीक्षार्थी अन्य जिलों में जाकर परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों को समय से परीक्षा केंद्रों तक पहुँचाने और परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यवस्था की है। इस बार सीईटी परीक्षा में बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के लिए 30 परीक्षार्थियों पर एक मशीन लगाई जाएगी। पहले की परीक्षाओं में एक मशीन से 90 परीक्षार्थियों की अटेंडेंस दर्ज की जाती थी। इससे परीक्षार्थियों की तेजी और समय से पहचान की जा सकेगी।

### सुरक्षा के सख्त इंतजाम

कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट और नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। किसी भी अप्रिय घटना या अव्यवस्था से निपटने की भी व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 बीएनएस लागू की जाएगी ताकि भीड़भाड़ और अवांछित गतिविधियों को रोका जा सके।

### शटल बस सेवा

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने शटल बस सेवा की व्यवस्था की है। यह बसें अनाज मंडी और पुलिस लाइन स्थानों से परीक्षा केंद्रों तक परीक्षार्थियों को ले जाएंगी और परीक्षा समाप्त होने के बाद वापस छोड़ेंगी, ताकि परीक्षार्थियों को समय पर और सुरक्षित ढंग से परीक्षा केंद्र तक पहुँचने में किसी तरह की दिक्कत न आए। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुँचने की सलाह दी गई है। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि परीक्षा केंद्र के भीतर ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षार्थियों को केवल एडमिट कार्ड और वैध फोटो आईडी के साथ ही परीक्षा में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

जिला प्रशासन द्वारा जिला में आगामी सीईटी परीक्षा में भाग लेने के लिए अन्य जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों के ठहराव की सुविधा के लिए जिले में 8 धर्मशालाएं आरक्षित की गयी हैं। इन धर्मशालाओं में बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को ठहरने की निःशुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी। सभी धर्मशालाओं का नाम,पता और नंबर साझा किया गया है, जिससे परीक्षार्थी आसानी से अपने ठहराव स्थान तक पहुंच सकें। उपायुक्त मनदीप कौर ने सभी अभिभावकों और परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा के दिन यातायात और सुरक्षा नियमों का पालन करें। प्रशासन ने कहा कि परीक्षार्थियों की सुविधा और परीक्षा की पारदर्शिता के लिए सभी व्यवस्थाएँ की जा चुकी हैं। किसी भी समस्या के समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेगा।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर 01667-230013, 230405, 230722 और 230737 जारी किए गए हैं, जिस पर अभ्यार्थी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं। वहीं डायल 112 पर तैनात गाडियां और पुलिस राइडर गश्त करते रहेंगे। परीक्षा के दिन जल्द सुबह से ही ग्रामीण रूट्स पर विशेष बस सेवाएं चलाई जाएंगी, ताकि दूरदराज के गांवों से आने वाले छात्र भी समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंच सकें।

### डीसी ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट व केंद्र अधीक्षक के साथ की चर्चा

उपायुक्त मनदीप कौर ने वीरवार को सीईटी परीक्षा की तैयारियों बारे ड्यूटी मैजिस्ट्रेट और केंद्र अधीक्षकों के साथ विस्तृत चर्चा की और बिंदुवार समीक्षा की। उनके साथ हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य सुभाष चंद्र भी मौजूद रहे। उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि जिला प्रशासन सीईटी परीक्षा के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी किए गए तयमानक प्रणाली (एसओपी) अनुसार सभी प्रकार की तैयारियां कर ली है। उन्होंने केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे पारदर्शी और नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए अपनी जिम्मेवारी निभाएं। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि ओएमआर शीट और प्रश्न-पत्र के बॉक्स उनके कोड के अनुसार एक ही स्थान पर रखे जाएं। एक कोड के बॉक्स अलग-अलग जगह पर नहीं होने चाहिए। ट्रेजरी से लेकर परीक्षा केंद्र तक हर जगह बॉक्स रखने, खोलने की सारी कार्यवाई की वीडियोग्राफी की जाए।

### सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य सुभाष चंद्र ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे आयोग की एजेंसी द्वारा लगवाए जाएंगे। परीक्षार्थियों की जांच व बायोमीट्रिक हाजिरी के लिए केंद्र के मुख्य द्वार पर ही टीम तैनात रहेगी। इस बार ऐसी व्यवस्था की गई है कि अभ्यार्थियों को हाजिरी लगवाने के लिए अधिक समय तक नहीं खड़ा होना पड़ेगा। परीक्षार्थी अपनी ओएमआर शीट में रोल नंबर, जन्म तिथि की जानकारी अवश्य भरें।

### स्वर्णकार सभा ने किए विशेष प्रबंध

सीईटी परीक्षा के लिए बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए स्वर्णकार सभा ने धर्मशाला रोड स्थित स्वर्णकार सेवा सदन में विशेष प्रबंध किया है। स्वर्णकार सभा के प्रधान कृष्ण कुमार ने बताया कि यहां आकर रहने वाले परीक्षार्थी सभा के प्रधान के मोबाइल नंबर 9812462899, सचिव सुरेन्द्र कुमार मो. 9416239396, कपिल कुमार 9896510203 तथा सुरेन्द्र कुमार के 9416136382 नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।
फोटो कैपशन 24एफटीडी2 - फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते उपायुक्त मनदीप कौर।

### रूट पर रहेगी पेट्रोलिंग पार्टियां

*सीईटी परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी पुख्ता प्रबंध किए हैं। किसी भी रूट पर जाम की स्थिति न उत्पन्न हो पाए, इसके लिए पेट्रोलिंग पार्टियां व राइडर तैनात किए गए हैं। परीक्षा से संबंधित व्यवस्था को बनाए रखने पर यातायात पुलिस के सौ से अधिक जवान व अधिकारियों की तैनाती की गई है। बड़ी संख्या में बाहर से वाहन आने के चलते ट्रैफिक जाम न हो, इसके लिए डीएसपी ट्रैफिक राज सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटियां निर्धारित कर दी गई है। जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों से लेकर रूट पर ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। बस अड्डा व पुलिस लाइन में भी अतिरिक्त पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जो परीक्षार्थियों को गंतव्य स्थान पर पहुंचने में मदद करेंगे। परीक्षा केंद्रों पर एक दर्जन से अधिक पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई है। जिलेभर के विभिन्न थानों से भी स्टाफ को परीक्षा केंद्रों के आसपास पेट्रोलिंग में तैनात किया गया है। पुलिस की ओर से दस से अधिक ईवीआर गाडियां पेट्रोलिंग पर रहेगी, 20 राइडर भी तैनात किए गए हैं, जो परीक्षा केंद्रों के बाहर से लेकर बसों के प्वाइंट तक ड्यूटी संभालेंगे।*

### पुलिस की विशेष सुरक्षा और यातायात व्यवस्था

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि सीईटी परीक्षा को देखते हुए पुलिस विभाग ने सभी सुरक्षा इंतजाम पुख्ता कर दिए हैं। परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा केंद्रों के पास पार्किंग और आवागमन को व्यवस्थित करने के लिए अलग से ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है।

### पिक एंड ड्रॉप की फुलप्रूफ सुविधा, छुट्टियां रद

उपायुक्त ने कहा कि यह परीक्षा युवाओं के भविष्य से जुड़ी है, इसलिए इसकी सफल आयोजन जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में शामिल हो रहे किसी भी अभ्यार्थी का पेपर परिवहन की समस्या के कारण न छूटे इसलिए जिला फतेहाबाद में परिवहन एवं पिक एंड ड्रॉप की फुलप्रूफ सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सरकारी अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे और उनकी सभी प्रकार की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं।

### हिसार जाने वाले परीक्षार्थियों के लिए 414 बसों का इंतजाम

**सिरसा।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की 26 व 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा 558 से ज्यादा बसों की व्यवस्था की गई है, जिला सिरसा के जो परीक्षार्थी हिसार परीक्षा देंगे, उनके लिए फिलहाल 414 बसों का इंतजाम किया गया है। पूरे जिले को नौ कलस्टरों में बांटते हुए रूट निर्धारित किए गए हैं, इन रूटों पर दोनों शिफ्टों व दूरी के अनुसार सुबह व शाम के सत्र के लिए अलग-अलग समय पर बसें रवाना होंगी। हिसार में परीक्षा के उपरांत सिरसा के लिए ये बसें पुलिस लाइन हिसार से ही रवाना होगी, जो कलस्टर-रूट अनुसार परीक्षार्थियों को गंतव्य तक छोड़ेगी। आपातकालीन स्थिति में अन्य विकल्प का भी इंतजाम रहेगा। सिरसा से हिसार जाने वाले परीक्षार्थियों के लिए किसी भी प्रकार की परिवहन संबंधी पूछताछ के लिए सिरसा बस स्टैंड में हेल्प डेस्क बनाया गया है। इसके अलावा इंक्वायरी नंबर / हेल्पलाइन नंबर 01666-220866 और डबवाली बस स्टैंड के इंक्वायरी नंबर 01668-226115 से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। हिसार जाने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सिरसा बस स्टैंड पर एक से छह नंबर काउंटर आरक्षित किए गए हैं।

# 'जिन्दगी की छांव बेटियां' अभियान को फिल्म स्टार चंदन प्रभाकर का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। कॉमेडी स्टार चंदन प्रभाकर को स्मृति चिन्ह भेंट करते जिन्दगी संस्था के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

टीवी जगत में चंदू चाय वाला के नाम से लोकप्रिय कॉमेडी स्टार एवं पंजाबी फिल्मों के प्रसिद्ध एक्टर चंदन प्रभाकर ने जिन्दगी की छांव बेटियां मुहिम का समर्थन किया है। फतेहाबाद जिला की प्रमुख सामाजिक संस्था जिन्दगी का एक प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ में मशहूर कॉमेडी एक्टर चंदन प्रभाकर से मिला। बेटियों को पर्यावरण संरक्षण से जोडऩे के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत प्रतिनिधिमंडल ने चंदन प्रभाकर से अपनी बेटी संग अभियान का हिस्सा बनने का आग्रह किया, जिसे चंदन ने सहर्ष स्वीकार किया। चंदन प्रभाकर चंडीगढ़ में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने उपरांत संस्था टीम से मिले। संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह, चंडीगढ़ के प्रमुख समाजसेवी सुशील कुमार पिंटा व प्रमोद बजाज ने चंदन प्रभाकर को मुहिम से जोडऩे वाला स्मृति चिन्ह भेंट किया। जिन्दगी संस्था से मिले स्मृति चिन्ह पर चंदन प्रभाकर भावुक नजर आए, क्योंकि इसमें उनकी लाडली बिटिया की झलक भी समाहित थी। चंदन प्रभाकर ने इसे सबसे यादगार तोहफा बताते हुए कहा कि यह उनके दिल के बेहद करीब रहेगा। उन्होंने संस्था पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वह अपनी बिटिया से भी एक पौधा लगवा कर उसे पौधा संरक्षक बनाएंगे। साथ ही अपने कार्यक्रमों व दिनचर्या में भी लोगों को बेटियों से पौधा लगवाने के लिए प्रेरित करेंगे। संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह ने चंदन प्रभाकर को बताया कि अभियान के अंतर्गत बेटियों के नाम पर पौधरोपण किया जाता है।

### शहीदी महासम्मेलन 31 को, न्योता दिया

**फतेहाबाद।** शिरोमणि शहीद उधम सिंह कम्बोज के 85वें शहीदी महासम्मेलन पर 31 जुलाई को डेरा बाबा भूमणशाह, ग्राम बाबा भूमणशाह (संघर सरिस्ता) में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आज कम्बोज सभा व डेरा श्रद्धालुओं की टीम ने क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों को कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेने का निमंत्रण दिया। टीम आज गांव खैरपुर, नागपुर, अलीका, कलोठा, मढ़, अजीतनगर, बीराबदी, बनावाली सोत्तर, हिजरावां खुर्द, रत्ताटिब्बा, नूरकी अहली, दरियापुर, अहलीसदर, अकांवाली, हरिपुरा सहित अनेक गांवों में पहुंची। इस अवसर पर नागपुर सरपंच संजीव कम्बोज, अजीतनगर सरपंच रमेश कम्बोज, डॉ. मंगाराम मढ़, अविनाश कम्बोज, कृष्ण कुमार, रामचन्द, हरिकृष्ण नागपुर, मनदीप, बलविन्द्र, हरिचंद, जोगिन्द्र, कश्मीर, प्रवीन सहित अनेक सेवादार मौजूद रहे।

# ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग कर निःशुल्क उपचार करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करती नशामुक्ति टीम सदस्य।

फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज गांव बहबलपुर में नशा मुक्ति टीम द्वारा एक जागरूकता एवं पुनर्वास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसआई सुंदर के नेतृत्व में किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत गांव के 10 पूर्व-चिन्हित नशा पीड़ितों की व्यक्तिगत काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों और टीम के सदस्यों ने नशे के दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की और पीड़ितों को मानसिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। काउंसलिंग के पश्चात सभी पीड़ितों को आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक पद्धतियों के माध्यम से निःशुल्क उपचार भी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल चिकित्सकीय सहायता देना नहीं था, बल्कि नशा पीड़ितों को समाज की मुख्यधारा से पुनः जोडऩा, उनका आत्मविश्वास पुनः स्थापित करना, और उनके परिवारों को आशा की नई किरण देना भी था। एसआई सुंदर ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वे नशा पीड़ितों को सामाजिक बहिष्कार की बजाय सहयोग और सहानुभूति दें, ताकि वे जल्द स्वस्थ होकर सम्मानजनक जीवन जीने की ओर अग्रसर हो सकें। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान भविष्य में निरंतर जारी रहेगा।

### शादी से पहले 'प्री वेडिंग शूट' पर ऑल इंडिया अरोड़ा पंजाबी खत्री कम्युनिटी ने जताई आपत्ति

**फतेहाबाद।** ऑल इंडिया अरोड़ा पंजाबी खत्री कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा के नेतृत्व में समाज की एक चिंतन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों पर गहरा चिंतन व्यक्त



किया गया। समाज के राजेंद्र कुकरेजा ने प्री वेडिंग शूट पर आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन नहीं होने चाहिए। आजकल प्रचलन है कि लडक़ा-लडक़ी शादी से पहले कुछ गानों पर शूटिंग बाहर जाकर करते है। इनमें बड़ी अश्लीलता होती है और शादी वाले दिन इसे सभी को भरी सभा मे दिखाया जाता है। उसके बाद उस पर हूटिंग भी होती है, जोकि असभ्य-सा प्रतीत होता है। बड़े-बुजुर्ग व महिलाएं असहज महसूस करती हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज किस ओर जा रहा है। अपने आप को मॉडर्न दिखाने के चक्कर में इस तरह की अश्लीलता का प्रदर्शन कहीं से भी उचित नजर नहीं आता है, इसलिए इस पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। इसके अलावा सदस्यों ने विवाह-शादियों में प्रदर्शन के नाम पर अधिक पकवान बनाने पर भी गहरी चिंता व्यक्त कि और कहा कि इस तरह से तो एक अमीर वर्ग अपने बच्चों की शादी कर सकता हैं, मगर गरीब व्यक्ति देखा देखी कर्जदार हो जाता है। शादी में कार्ड के साथ डिब्बे बांटने का रिवाज भी समाज ने पहले बंद किया था। यह रस्म सिर्फ रिश्तेदारी तक सीमित रखी गई थी, मगर आज भी कुछ लोगों द्वारा मित्रों, शहरवासियों में प्रदर्शन के नाम पर इस तरह का रिवाज प्रचलन में जारी है जोकि समाज में परिवर्तन लाने के उद्देश्य को कामयाब नही होने देता। इस अवसर पर विनोद अरोड़ा, धर्मपाल चावला, अजय मेहता व अन्य मौजूद रहे।

## मैराथन में कॉलेजों के रेड रिबन क्लब के छात्रों ने हिस्सा लिया

# एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा जिला स्तर पर मैराथन का किया आयोजन, योगेश और रेनू रहे प्रथम

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद



फतेहाबाद। जिला स्तरीय मैराथन के विजेताओं को सम्मानित करते एड्स कन्ट्रोल सोसायटी के अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

जिला एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, फतेहाबाद द्वारा जिला स्तर पर मैराथन दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अधयक्षता जिला खेल अधिकारी विष्णुदत्त, महिला कॉलेज भोडिया खेड़ा प्रधानाचार्य डॉ. लखबिन्द्र कौर ने की। इस मैराथन दौड़ में कॉलेजों के रेड रिबन क्लब के छात्रों ने भाग लिया। जिला एड्स कन्टोल सोसाईटी की नोडल अधिकारी डॉ. अंकू अलिशा कहा कि नशा बहुत बुरी लत है जो एक बार लग जाए तो आसानी से छुड़ती नहीं है। यह आदमी को शारीरिक रूप से तो नुकसान करती ही है, साथ ही आर्थिक रूप से भी कमजोर करती है। जो इन्जैक्शन से नशा करते है उनमें एचआईवी पॉजीटिव होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। ये वायरस हवा में जिंदा नहीं रह सकता हैं। हवा के संपर्क में आते ही मर जाता हैं। एचआईवी पॉजीटिव मरीज के पास रहने, खाँसने, साथ खाना-खाने या एक ही बिस्तर पर सोने से नहीं फैलता हैं क्योंकि यह वायरस ना तो आंसू में होता हैं और न ही पसीने में और न ही मुंह से निकलने वाली लार में तथा पेशाब आदि तरल पदार्थों में नहीं होता हैं परंतु एचआईवी वायरस खून, वीर्य, महिलाओं के गुप्तअंगों से निकलने वाला स्त्राव तथा अगर कोई महिला एचआईवी पॉजीटिव हैं तो उसके दूध में ही यह वायरस पाया जाता हैं।

दिनेश ढाका, गुलाब परामर्शदाता ने कहा कि जब तक युवा वर्ग इस बीमारी के बारे में खुलकर बातें या समाज में जानकारी न दे सके तब तक इस बिमारी को शून्य स्तर पर लाना मुश्किल है, इसलिए हमें इस बिमारी के बारे में खुलकर समाज में बातें करके लोगों को जागरूक करना होगा, तभी हम देश व प्रदेश से इस बीमारी को जड़ से खत्म कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 1097 पर काल करके भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मैराथन दौड़ में योगेश बनगांव व रेनु मानावाली ने प्रथम, राजेश खाबडा कलां, निशा रानी टोहाना ने द्वितीय तथा कृष्ण रतिया, पारूल नहला तृतीय स्थान पर रहे। प्रथम आने वाली दोनों टीमों को राज्य स्तर पर होने वाले प्रोग्राम में भेजा जाएगा।